# VEER BAHADUR SINGH PURVANCHAL UNIVERSITY
## JAUNPUR, 222003 (U.P.)
## vbspu.ac.in

**3.3.3 Number of awards / recognitions received for research/innovations by the institution/teachers/research scholars/students during the last five years**

## Additional Information

# Certificate of Appreciation for his contribution to restructuring the UG curricula

**हिन्दुस्तान**

## स्नातक के नया कोर्स तैयार करने वालों में पीयू के चार शिक्षक भी

जौनपुर | वरिष्ठ संवाददाता

**उपलब्धि**

- उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मिला प्रशस्ति पत्र
- कुलपति ने एक समारोह में अंगवस्त्रम देकर किया सम्मानित

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के चार शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश में स्नातक का नया पाठ्यक्रम निर्माण में अहम भूमिका निभायी है। यह पाठ्यक्रम उत्तर प्रदेश के समस्त कॉलेजों तथा समस्त विश्वविद्यालयों में चलेंगे। इस योगदान के लिए उच्च शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस.गर्ग ने प्रशस्ति पत्र भेजकर बधायी दी है। शुक्रवार को कुलपति ने एक समारोह में इन अध्यापकों को सम्मानित किया है।

इंजीनियरिंग संस्थान के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राज कुमार ने एनालिटिक एबिलिटी एवं डिजिटल अवेयरनेस पाठ्यक्रम में दो यूनिट का सिलेबस निर्धारण किया। प्रबन्ध अध्ययन संकाय के डा. मुराद अली ने प्रबन्ध अध्ययन का सिलेबस निर्धारण और डॉ.रसिकेश ने ह्यूमन वैल्यू एंड एनवायरमेंट स्टडीज के लिए पाठ्यक्रम बनाने में योगदान किया। प्रो. मानस पांडेय इस टीम के मेंटर थे, उन्हीं के नेतृत्व में इस कार्य को विश्वविद्यालय ने पूरा किया गया।

विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति सभागार में परिसर में चारों शिक्षकों को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने अंगवस्त्रम तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. मौर्य ने गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए दोहा से गुरु की महिमा का वर्णन किया। प्रोफ़ेसर मानस पांडेय ने कहा कि यह विश्वविद्यालय में पहला अवसर है कि शिक्षकों को प्रदेश की तरफ से साथ ही साथ विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने शिक्षकों को विश्वविद्यालय में दिए जा रहे योगदान के लिए बधाई दी। संचालन करते हुए कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि हमें आशा है कि भविष्य में हमारे शिक्षक प्रदेश ही नहीं देशभर में नए कीर्तिमान स्थापित कर विश्वविद्यालय का नाम आगे बढ़ाएंगे।

ने कहा शिक्षक अपने आप कष्टों में रहते हुए भी अपने शिष्यों के प्रति उत्तम सोच रखता है उन्हें आगे बढ़ते हुए देखना चाहता हूं। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ विजय सिंह, समस्त संकाय अध्यक्ष प्रो अविनाश पाथर्डिकर, प्रो राम नारायण, प्रो अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो वंदना राय, वि वि के अधिकारी, डॉ संतोष कुमार, प्रो देवराज, डॉ प्रमोद कुमार यादव अन्य उपस्थित रहे।



उच्च शिक्षा विभाग की ओर से नए पाठ्यक्रम की पुनर्सरचना करने के लिए मिले प्रशस्तिपत्र के साथ मौजूद शिक्षक, कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्या व अन्य अधिकारी।

**Name of the Teachers**

1. **Prof Manas Pandey**
2. **Prof Murad Ali**
3. **Dr. Rajkumar**
4. **Dr. Rashikesh**



# Shikshak Samman Samaroh on Teachers Day
# 05-09-2021

अमर उजाला | जौनपुर | amarujala.com

## 'शिक्षक विद्यार्थियों में विकसित करते हैं सृजनता'

### डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को जिलेभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**जौनपुर।** शिक्षाविद डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती रविवार को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों के साथ अवकाश ग्रहण करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

पूविवि के आर्यभट्ट सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो.कीर्ति सिंह ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा है कि बीएचयू में पढ़ाई के दौरान सर्वपल्ली राधाकृष्णन को देखने और खेल प्रतियोगिता में उनके हाथों पुरस्कार पाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि माता- पिता जन्म देते हैं और शिक्षक जीना सिखाता है।

कुलपति प्रोफ़ेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि शिक्षक कुम्हार होता है जो विद्यार्थी को एक आकार देता है। शिक्षकों को सदैव अपने विद्यार्थियों में सृजन क्षमता को विकसित करते रहना चाहिए। संयोजक प्रो मानस पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. समर बहादुर सिंह, डॉ. काशी नाथ सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एफओ संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, एसडीएम अमिताभ यादव,शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह रहे। संचालन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने किया। डॉ. राजीव प्रकाश सिंह, डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. वंदना राय, प्रो. राम नारायण,प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. देवराज, डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी, राहुल सिंह, राकेश यादव, डॉ. जगदेव, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. मनोज वत्स, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. विजय प्रताप तिवारी, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव और शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज में लायंस क्लब क्षितिज की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य कैप्टन (डा.) अखिलेश्वर शुक्ला रहे। संस्थाध्यक्ष जय कृष्ण साहू ने शिक्षक डा. संतोष कुमार पांडेय, डा. श्याम सुंदर उपाध्याय, डा. मनोज वत्स, डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त रीडर डा.धनंजय सिंह को सम्मानित किया। संचालन संजय गुप्ता ने किया। सुजानगंज के फरीदाबाद स्थित जूनियर हाई स्कूल स्व. रणधीर सिंह की स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विजय बहादुर सिंह ने की। 101 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित राम आश्चर्य दुबे को अंगवस्त्रम भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित लल्लन उपाध्याय ने किया।

जलालपुरः बाबू बैजनाथ प्रसाद शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान एवं आशीर्वाद नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज छितौना दूबेपुर में शिक्षक दिवस मनाया गया। अवकाश प्राप्त एवं वर्तमान शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संस्थापक व चेयरमैन डा. विनोद कन्नौजिया ने स्वागत किया। बयालसी इंटर कालेज में अवकास प्राप्त शिक्षक अरविंद सिंह का प्रधानाचार्य डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने सम्मानित किया।



पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के मौके पर राज कालेज के प्राचार्य डॉ अखिलेश्वर शुक्ला को सम्मानित करते प्रो. कीर्ति सिंह। संवाद

### नोडल अधिकारी ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में उत्कृष्ट कार्य के लिए 105 शिक्षकों को को सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका डॉ. विभा शुक्ल, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य जेपी पाठक, मीरपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक मनोज सिंह आदि को अंग वस्त्र एवं प्रमाणपत्र देकर जिले के नोडल अधिकारी जीएस प्रियदर्शी व सीडीओ अनुपम शुक्ल ने सम्मानित किया। संचालन एआरपी सुशील उपाध्याय तथा मिशन शक्ति अवार्डी प्रीति श्रीवास्तव ने किया। माध्यमिक शिक्षक संघ नवीन गुट कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव की अध्यक्षता में बीआरपी इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया गया। संवाद

### प्रो. वंदना राय को शिक्षक श्री पुरस्कार

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय परिसर में संचालित बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर वंदना राय को उच्च शिक्षा विभाग ने शिक्षक श्री सम्मान देने की घोषणा की है प्रोफेसर वंदना राय धर्मापुर ब्लाक के सरैया गांव की निवासी हैं। इनके पिता स्वर्गीय शंकर दत्त राय जज रहे। प्रोफेसर वंदना राय स्नातक की शिक्षा लखनऊ विश्व विद्यालय से हुई है। 1983 में उन्होंने बीएससी की डिग्री हासिल की। 1985 में इलाहाबाद विश्व विद्यालय से एमएससी करने के बाद पीएचडी यहीं से की। साल 2000 में उन्होंने पूर्वांचल विश्व विद्यालय में स्थापित बायोटेक्नोलॉजी विभाग में शिक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इनका कार्यक्षेत्र मानव आनुवंशिकी रहा है। इनके विदेशों में कई शोध पत्र भी प्रकाशित हुए हैं। विभिन्न संस्थाओं ने इनके शोध कार्य पर 12 अवार्ड दिया है। इसके अलावा तीन फेलोशिप दिया है। संवाद



प्रोफेस्र वंदना राय






https://vbspurvanchaluniversity.blogspot.com/2021/09/blog-post.html

# Shikshak Shree Puraskar , Government of Uttar Pradesh

## Prof. Vandana Rai,

### Department of Biotechnology

amarujala.com लखनऊ | सोमवार, 6 सितंबर 2021

# लविवि की प्रो. पूनम टंडन समेत तीन को सरस्वती पुरस्कार

## शिक्षक दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने की घोषणा, शिक्षक श्री पुरस्कार के लिए भी सात का चयन

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों व जिले के उच्च शिक्षा के 75 शिक्षकों के सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने 2019-20 के लिए सरस्वती व शिक्षक श्री पुरस्कारों की घोषणा की। सरस्वती पुरस्कार के लिए लखनऊ विवि की भौतिक विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन, राजकीय महाविद्यालय प्रतापगढ़ के डॉ. सिकंदर लाल व कुलभाष्कर आश्रम डिग्री कॉलेज प्रयागराज के डॉ. शीतल प्रसाद वर्मा के नाम शामिल हैं।

### डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा- चिकित्सा अवकाश समेत अन्य मांगों पर ठोस कार्यवाही जल्द

वहीं शिक्षक श्री पुरस्कार के लिए चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ के डॉ. राकेश गुप्ता, लखनऊ विवि के भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर की प्रो. वंदना राय, हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी, प्रयागराज के डॉ. राजेश कुमार पांडेय, फिरोज गांधी पीजी कॉलेज रायबरेली की डॉ. शीला श्रीवास्तव और एसबीडी कॉलेज धामपुर बिजनौर की डॉ. रेनू चौहान के नाम शामिल हैं।

पिछले साल कोविड-19 संक्रमण के कारण इन पुरस्कारों की घोषणा नहीं हुई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को यह दोनों पुरस्कार दिए जाते हैं। इनमें नगद राशि व प्रमाण पत्र दिया जाता है। सम्मान समारोह में डॉ. शर्मा ने यह भी कहा कि शिक्षकों की चिकित्सा अवकाश समेत अन्य लंबित मांगों पर जल्द ठोस कार्यवाही होगी।

## प्रो. वंदना राय को शिक्षक श्री पुरस्कार



प्रोफेसर वंदना राय

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय परिसर में संचालित बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर वंदना राय को उच्च शिक्षा विभाग ने शिक्षक श्री सम्मान देने की घोषणा की है प्रोफेसर वंदना राय धर्मापुर ब्लाक के सरैया गांव की निवासी हैं। इनके पिता स्वर्गीय शंकर दत्त राय जज रहे। प्रोफेसर वंदना राय स्नातक की शिक्षा लखनऊ विश्व विद्यालय से हुई है। 1983 में उन्होंने बीएससी की डिग्री हासिल की। 1985 में इलाहाबाद विश्व विद्यालय से एमएससी करने के बाद पीएचडी यहीं से की। सन 2000 में उन्होंने पूर्वांचल विश्व विद्यालय में स्थापित बायोटेक्नोलॉजी विभाग में शिक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इनका कार्यक्षेत्र मानव आनुवंशिकी रहा है। इनके विदेशों में कई शोध पत्र भी प्रकाशित हुए हैं। विभिन्न संस्थाओं ने इनके शोध कार्य पर 12 अवार्ड दिया है। इसके अलावा तीन फेलोशिप दिया है। संवाद

## पीयू की प्रो. वंदना राय का शिक्षकश्री पुरस्कार के लिए चयन, विवि की कुलपति समेत शिक्षकों ने दी बधाई

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर वंदना राय का शिक्षकश्री पुरस्कार 2020 के लिए चयन किया गया है। यह घोषणा शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने की। प्रो. राय विज्ञान संकाय की वरिष्ठतम प्रोफेसर है व, पूर्व संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय व पूर्व विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी विभाग भी रही हैं।

प्रोफेसर वंदना राय, को उनके द्वारा मानव स्वास्थ्य से जुड़ी शोध व ह्यूमन मॉलिक्युलर जेनेटिक्स में पिछले बीस वर्षों से भी अधिक समय से किये जा रहे शोध व ग्रामीण जनता को अनुवांशिक व अन्य रोगों, फोलिक एसिड के महत्व व अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए 2019 में इंदौर में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट एडवांसेज इन लाइफ साइंसेज फॉर बेटरमेन्ट ऑफ एनवायरनमेंट एंड ह्यूमन हेल्थ 2019 में बेस्ट साइंटिस्ट के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। प्रो. वंदना राय पिछले 20 वर्षों से भी अधिक समय से मानव स्वास्थ्य पर



एमटीएचएफआर, एम टी आर आर , कोम्ट, बी डी आर,डी आर डी2, एन क्यू ओ 1 जीन्स व उससे जुड़े अनुवांशिक व अन्य रोगों पर शोध कर रही है। प्रो. राय के चार शोध पत्रों को यूके की साइंटिफिक एडवाइजरी कमेटी ऑन न्यूट्रिशन ने खाद्य पदार्थों व आटे में फोलिक एसिड फोर्टीफिकेशन के लिए अपनी संस्तुतियों में शामिल किया है। प्रोफेसर राय के विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों में 120 शोध पत्र व चार पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी है ' प्रोफेसर राय ने देश व विदेश मे आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में में भाग लिया है एवं 100 से अधिक शोध पत्रों को प्रस्तुत कर चुकी हैं। प्रो. राय पूर्वांचल विवि की महिला अध्ययन केंद्र, महिला सेल, सेक्सुअल हैरेसमेंट कमेटी, पीयू कैट की अध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण कमेटी में नामित है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक श्री पुरस्कार के लिए प्रोफेसर राय के चयन पर विवि की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के काम के आधार पर जो पुरस्कार मिलता है उससे विवि का गौरव और सम्मान बढ़ता है। इस अवसर शिक्षक श्री पुरस्कार के लिए चयन पर विवि के वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार, सहायक कुलसचिव श्रीमती बबीता सिंह , श्री अमृत लाल, श्री दीपक सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राम नारायण, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो.राजेश शर्मा, प्रो. एके श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ.संतोष कुमार, प्रो. देवराज सिंह, डॉ मनोज मिश्र, डा.नूपुर तिवारी, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ.एसपी तिवारी, आदि शिक्षकों ने बधाई दी।

# Shikshak Shree and Start Up Grant
# 10-09-2021

03 हिन्दुस्तान
वाराणसी • शनिवार • 11 सितंबर 2021

## आठ शिक्षकों को किया सम्मानित

जौनपुर | वरिष्ठ संवाददाता

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने विश्वविद्यालय परिसर की बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर वंदना राय को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'शिक्षक श्री' एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भारत सरकार द्वारा सात शिक्षकों को स्टार्टअप ग्रांट मिलने पर सम्मानित किया।



पीयू के कुलपति सभागार में प्रो. निर्मला एस. मौर्य के हाथों सम्मानित होतीं बायो टेक्नोलाजी विभाग की प्रो. वंदना राय व अन्य शिक्षक। • हिन्दुस्तान

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि प्रो वंदना राय को 'शिक्षक श्री' मिलने से विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ा है। यह सम्मान उनकी लगन और तपस्या की देन है। उन्होंने युवा शिक्षकों को अनुदान मिलने पर बधाई दी और कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध में अपनी अहम् भूमिका अदा करें।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों विश्वविद्यालय परिसर की बायो टेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर वंदना राय को शिक्षक श्री पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से विश्वविद्यालय परिसर के 7 शिक्षक स्टार्टअप ग्रांट मिलने पर सम्मानित हुए। देश में 145 शिक्षकों को इस वर्ष स्टार्ट अप ग्रांट मिली है। पूरे देश के राज्य विश्वविद्यालयों में सबसे अधिक पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षकों की संख्या अनुदान सूची में है। इसके अंतर्गत प्रत्येक शिक्षक को दस-दस लाख रुपये शोध अनुदान मिला है।

स्टार्टअप ग्रांट मिलने पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों में डॉ मनीष प्रताप सिंह, डॉ नितेश जायसवाल, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ आलोक वर्मा, डॉ श्रवण कुमार, डॉ सुजीत कुमार चौरसिया व डॉ धीरेंद्र कुमार चौधरी शामिल रहे।

कार्यक्रम में वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह, प्रोफेसर मानस पांडे, प्रो देवराज सिंह, प्रो रामनारायण, प्रो अजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन डॉ राजकुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो अजय द्विवेदी, प्रो अविनाश पाथर्डीकर, प्रो अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ संतोष कुमार, डॉ मनोज मिश्र, डॉ रजनीश आदि थे।

**Shikshak Shree**

**Prof. Vandana Rai**

**Starup Grant**

**Dr. Manish Pratap Singh, Dr. Nitesh Jaiswal**
**Dr. Mithilesh Yadav, Dr. Alok Verma**
**Dr. Shrawan Kumar, Dr. Sujeet Kumar Chaurasia**
**Dr. Dhirendra Chaudhary**

जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, शनिवार, 11 सितम्बर, 2021

## कुलपति ने आठ शिक्षकों को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने विश्वविद्यालय परिसर की बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर वंदना राय को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक श्री एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भारत सरकार द्वारा सात शिक्षकों को स्टार्टअप ग्रांट मिलने पर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि प्रो. वंदना राय को शिक्षक श्री मिलने से विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ा है। यह सम्मान उनकी लगन और तपस्या की देन है। उन्होंने युवा शिक्षकों को अनुदान मिलने पर बधाई दी और कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध में अपनी अहम् भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक निरंतर देश के विभिन्न संस्थानों में शोध हेतु प्रोजेक्ट प्रेषित करते रहे। विश्वविद्यालय हर स्तर पर उनका सहयोग करेगा।

**कार्यक्रम**

### शिक्षकश्री की घोषणा पर प्रोफेसर वंदना राय का हुआ सम्मान

उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालय परिसर की बायो टेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर वंदना राय को शिक्षक श्री पुरस्कार देने की घोषणा की है। जिसके क्रम में कुलपति द्वारा आज प्रोफेसर वंदना राय को सम्मानित किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के 7 शिक्षक स्टार्टअप ग्रांट मिलने पर सम्मानित हुए। देश में 145 शिक्षकों को इस वर्ष स्टार्ट अप ग्रांट मिली है।



सम्मानित हुए शिक्षकों के साथ कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य

पूरे देश के राज्य विश्वविद्यालयों में सबसे अधिक पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षकों की संख्या अनुदान सूची में है। इसके अंतर्गत प्रत्येक शिक्षक को दस-दस लाख रुपये शोध अनुदान मिला है। स्टार्टअप ग्रांट मिलने पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों में इंजीनियरिंग संस्थान के भौतिकी विभाग के डॉ. मनीष प्रताप सिंह, प्रो. राजेंद्र सिंह भौतिकी अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. मिथिलेश यादव, भौतिकी विभाग के डॉ. आलोक वर्मा, भू एवं ग्रहीय विज्ञान के डॉ. श्रवण कुमार, नैनोसाइंस एवं तकनीकी केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया, रिन्यूएबल एनर्जी केंद्र के डॉ. धीरेंद्र कुमार चौधरी रहे। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रोफेसर मानस पांडे, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रामनारायण, प्रो. अजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन डॉ. राजकुमार ने किया।

इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रजनीश भास्कर, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मुराद अली, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, दीपक सिंह, बबीता, डॉ. केएस तोमर, डॉ. अमित वत्स, लक्ष्मी मौर्य समेत शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

https://vbspurvanchaluniversity.blogspot.com/2021/09/blog-post_10.html

# Felicitation of Teachers
# 5-09-2022



आज | जौनपुर | ३

वाराणसी, ६ सितम्बर, २०२२

## जो सबसे सीखता है वहीं है शिक्षक - प्रो. निर्मला

### पीयूमें आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान पर्व, किया गया सम्मानित

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि सच्चा शिक्षक वही है जो सबसे सीखता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को दीपक की तरह होना चाहिए जो खुद जलकर दूसरों को रोशन करे। शिक्षक व्यक्ति का ही नहीं पूरे राष्ट्र का निर्माता होता है। उन्होंने कबीर की साखी के माध्यम से गुरु की महत्ता को रेखांकित किया और सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने वाला और भटके को रास्ता दिखाने वाला ही गुरु है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि शिक्षकों के लिए चुनौती भरा समय है। उन्हें शिक्षा के तकनीकी प्रक्रिया से भी लड़ना है। इसके पूर्व डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन पर डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। शिक्षक सम्मान समारोह के नोडल अधिकारी प्रो. अजय द्विवेदी ने समारोह की प्रस्तावना रखा। सह नोडल अधिकारी डा. मनोज कुमार पांडेय ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डा. मनोज मिश्र ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। सभी सहायक कुलसचिव और अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. राम नारायण, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।



Prof. BB Tiwari
Prof. Vandana Rai
Prof. Ashok K Srivastava
Prof. Avinash D. Pathardikar
Prof. Ajai Pratap Singh
Prof. Ajay Dwivedi
Prof. Ram Naraian
Prof. Rajesh Sharma
Prof. Pradeep Kumar
Prof. Devraj
Prof. Noopur goel
Prof. Sandeep Kumar Singh
Prof. Murad Ali
Prof Ravi Prakash
Dr. Maoj Mishra
Dr. Santosh Kumar
Dr. Pramod Yadav
Dr. Giridhar Mishra
Dr. Manish Gupta
Dr. Ashutosh Singh
Dr. Rashi Kesh
Dr. Sushil Kumar
Dr.Sunil Kumar
Dr. Digvijay Singh
Dr. Manoj Pandey
Dr. Janhvi srivastava
Dr. Annu Tyagi
Dr. Alok Verma
Dr. Sujeet Chuarasia
Dr. S P Tiwari
Dr. Prabhakar singh
Dr. Vijay Bahadur Maurya

https://vbspurvanchaluniversity.blogspot.com/2022/09/blog-post_5.html

# Fellowship and Award to Teachers
# 20-12-2021

आज जौनपुर 3
वाराणसी, २० दिसम्बर, २०२१

## बायोटेक्नोलॉजीके डा. प्रदीपको फेलोशिप

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के डा. प्रदीप कुमार को विज्ञान के क्षेत्र में



किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए फेलोशिप प्रदान की गई। यह फेलोशिप वाराणसी के एक समारोह में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर नोनी साइंस, आईसीएआर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेजिटेबल रिसर्च वाराणसी और इंडियन सोसाइटी ऑफ वेजिटेबल साइंस द्वारा प्रदान की गई। 17 एवं 18 दिसंबर 2021 को आयोजित थर्ड वर्ल्ड नोनी कांग्रेस वाराणसी में हुई। इसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डा. प्रदीप कुमार को उनके द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किये गए योगदान हेतु इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर नोनी साइंस की फेलोशिप प्रदान की गयी। यह पुरस्कार उन्हें कृषि विश्वविद्यालय फैजाबाद के पूर्व कुलपति प्रोफेसर कीर्ति सिंह द्वारा दिया गया। डा. प्रदीप कुमार की बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 60 से भी अधिक शोध पत्र और कई पुस्तकें प्रकाशित है।

जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021
जौनपुर 14

## एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक हुए सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय में मुस्कुराएगा इंडिया मीट 2021 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10 सितंबर, 2021 से 10 अक्टूबर, 2021 के बीच मानसिक स्वास्थ्य माह हेतु किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 21 मेंटल हेल्थ काउंसलर, 25 स्वयंसेवियों एवं 10 संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया।

इसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 03 कार्यक्रम अधिकारी /मेन्टल हेल्थ काउंसलर जिसमें राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय, कुटीर पीजी कॉलेज चक्के जौनपुर के डॉ. श्रीनिवास तिवारी एवं डॉ. अख्तर हसन रिजवी शिया पी.जी. कॉलेज के डॉ. अवधेश कुमार मौर्य एवं 05 स्वयंसेवकों जिसमें राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृष्णमोहन गुप्ता, आकाश और

**सम्मान**

**कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने दी बधाई**

कुटीर पीजी कॉलेज चक्के, जौनपुर के सत्यम, अभीलिका एवं वर्षा सिंह को मुस्कुराएगा इंडिया के यंग एम्बेसडर पुरस्कार से तथा 02 संस्थाओं, राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर एवं कुटीर पीजी कॉलेज चक्के, जौनपुर को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सम्मानित सभी कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं संस्थाओं को बधाई दिया और कहा कि कोविड काल में आप सभी ने कोरोना से भयभीत लोगों की काउंसलिंग करके मानवता की महत्वपूर्ण सेवा किया है जिससे पूरा विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। कुलसचिव महेंद्र कुमार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव एवं नोडल अधिकारी डॉ. अजय कुमार




कार्यक्रम अधिकारी को सम्मानित करते हुए आयोजक

सिंह ने सम्मानित टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी उपलब्धियों द्वारा पूर्वांचल विश्वविद्यालय को प्रदेश में पुनः गौरव हासिल करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक कुमार श्रोती, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी एवं मुस्कुराएगा इंडिया के संयोजक डॉ. अंशुमाली शर्मा, मुस्कुराएगा इंडिया के सह संयोजक डॉ. प्रकाश चौधरी, यूनिसेफ से श्री शैली, पी.एच.एफ.आई., नई दिल्ली के डॉ. सर्वेश गुप्ता, डॉ. नीलम खरे, डॉ. जानकी श्रीवास्तव, डॉ. शालिनी सोनी एवं उत्तर प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए हुए विजेता एम.आई. काउंसलर एवं स्वयंसेवक शामिल हुए।

### विज्ञान में उत्कृष्ट कार्य के लिए बायोटेक्नोलॉजी के डॉ. प्रदीप कुमार को फेलोशिप

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार को विज्ञान के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए फेलोशिप प्रदान की गई। यह फेलोशिप वाराणसी के एक समारोह में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर नोनी साइंस, आईसीएआर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेजिटेबल रिसर्च वाराणसी और इंडियन सोसाइटी ऑफ वेजिटेबल साइंस द्वारा प्रदान की गई। 17 एवं 18 दिसंबर 2021 को आयोजित थर्ड वर्ल्ड नोनी कांग्रेस वाराणसी में हुई। इसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. प्रदीप कुमार को उनके द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किये गए योगदान हेतु इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर नोनी साइंस की फेलोशिप प्रदान की गयी।



डॉ. प्रदीप कुमार को फेलोशिप प्रदान करते पूर्व कुलपति

यह पुरस्कार उन्हें कृषि विश्वविद्यालय फैजाबाद के पूर्व कुलपति प्रोफेसर कीर्ति सिंह द्वारा दिया गया। डॉ. प्रदीप कुमार की बायो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 60 से भी अधिक शोध पत्र और कई पुस्तकें प्रकाशित है। लगभग 22 वर्षों से पूर्वी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में फोलिक एसिड के महत्व पर जनता को वह लगातार जागरूक कर रहे है। डॉ. प्रदीप कुमार के मुताबिक फोलिक एसिड हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इससे हमारा पाचन अच्छा होता है और पेट संबंधी दिक्कतें कम होती हैं। कब्ज, जी मिचलाने और दस्त जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए फोलिक एसिड युक्त फूड्स का इस्तेमाल किया जाता है। पूरे शरीर में ऑक्सीजन का संचार सुचारू ढंग से हो इसके लिए भी फोलिक एसिड की जरूरत होती है। अगर आपके शरीर में फोलिक एसिड की कमी है तो आपको कई परेशानियां हो सकती हैं। इसके निदान के लिए वह ग्रामीणों को हमेशा जागरूक करते रहे हैं।

**Prof. Pradeep Kumar**
**Dr. Awadhesh Kumar Mourya**

https://vbspurvanchaluniversity.blogspot.com/2021/12/blog-post_19.html

# Centre Of Excellence
# (Govt of Uttar Pradesh)
# 24-03-2022

आज जौनपुर ३
वाराणसी, २५ मार्च, २०२२

## पीयूके शिक्षकोंमें ऊर्जाकी कमी नहीं –वाइसचांसलर

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनुदान पाने वाले शिक्षक और छह विद्यार्थी हुए सम्मानित

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु शासन से अनुदान स्वीकृत हुआ। कुलपति सभागार में गुरुवार को अनुदान पाने वाले छह शिक्षकों और रिसर्च डेवलपमेंट ग्रांट पाने वाले शिक्षकों को भी कुलपति ने सम्मानित किया। इस अवसर पर गेट और जैम परीक्षा पास करने छह विद्यार्थी सम्मानित हुए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक ऊर्जावान है, इसी का नतीजा है कि प्रदेश स्तर पर विश्वविद्यालयों में जो भी सुविधाएं मिल रही हैं उसे लेने में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षक अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि शिक्षक सम्मानित पद होता है लेकिन इस सम्मान का मतलब उसके मनोबल को बढ़ाना है साथ में ही वे शिक्षक जो इस दिशा में प्रयास नहीं कर रहे हैं उनके लिए प्रेरणा का काम करता है। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रो. वंदना राय, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, प्रबंध संकाय के



संकाय अध्यक्ष प्रो. अविनाश पाथर्डीकर तथा प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान स्थित वैकल्पिक ऊर्जा शोध केंद्र के विभागाध्यक्ष डा. धीरेंद्र कुमार चौधरी है। इसके पूर्व 2020-21 का सम्मान पाने वाले डा. मनोज मिश्र और डा. आशुतोष सिंह को भी सम्मानित किया गया। रिसर्च डेवलपमेंट ग्रांट के लिए प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. वंदना राय, डा. अमरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। संचालन प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर प्रो. बी.बी. तिवारी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, डा. संदीप कुमार सिंह, डा. संतोष कुमार, डा. मनोज मिश्र, डा. प्रदीप कुमार, डा. रसिकेश, डा. प्रमोद कुमार यादव आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## Centre Of Excellence
## (Govt of Uttar Pradesh)

- **Prof. Vandana Rai- (Biotechnology)**
- **Prof. Avinash D. Pathardikar(MBA-HRD)**
- **Dr. Manoj Mishra- Mass Communication**
- **Dr. Ashutosh Singh- MBA(BE)**
- **Dr. Amrendra Bahadur Singh- Chemistry**
- **Dr. Dhirendra Chaudhary-CRE**

**Felicitation of Teachers for discharging the duties and responsibilities assigned, with full responsibility and integrity on Independence day**
**15-08-2022**








1. Professor Pradeep Kumar
2. Dr. ManojMishra
3. Dr. Manish Gupta
4. Dr. Rashikesh
5. Dr. Sunil Kumar
6. Dr. Shyam Kanhaiya
7. Dr. Alok Kumar Verma
8. Dr. Sarwan Kumar
9. Dr. Dharmendra Singh
10. Mr. Satyam Upadhyay

https://vbspurvanchaluniversity.blogspot.com/2022/08/blog-post_16.html

# Felicitation of Teachers
# 02-12-2022



## कुलपति ने प्रोजेक्ट पाने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

कुलपति सभागार में 11 शिक्षक हुए सम्मानित


भारत एकता टाइम्स/जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शुक्रवार को शोध परियोजना प्राप्त करने वाले शिक्षकों को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने सम्मानित किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शोध के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों का चयन गौरव की बात है. विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शोध परियोजनाओं से निश्चित तौर पर समाज लाभान्वित होगा। कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने इस वर्ष उत्कृष्टता केंद्र एवं शोध परियोजना पाने वाले शिक्षकों को अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया. सम्मान पाने वाले शिक्षकों में डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ सुशील शुक्ला, डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ दिनेश वर्मा, डॉ सुजीत कुमार, डॉ पुनीत धवन, डॉ काजल डे, डॉ मनीष प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन आई क्यू ए सी सेल के समन्वयक प्रो मानस पाण्डेय किया. इस अवसर पर प्रो वंदना राय, प्रो अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो देवराज सिंह , प्रो रजनीश भास्कर, डॉ राज कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ रसिकेश समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।




**Dr. Girdhar Mishra**
**Dr. PK Yadawa**
**Dr. PK Yadav**
**Dr. Mithilesh Yadav**
**Dr. Shyam Kanhaiya**
**Dr. Sushil Shukla**
**Dr. Punit Dhawan**
**Dr. Sujeet Chaurasia**
**Dr. Kajal Dey**

# Excellence Award to Teachers 21.02.2023












Prof. Vandana Rai
Prof. Saurabh Pal
Prof. Pradeep Kumar
Dr. Rajkumar
Dr. Rashikesh
Dr. Dhirendra Chaudhary

# Prof. Manas Pandey

## Samman Patra from Gandhi Gyan Mandir

जौनपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
Title code - UPHIN 49368
द पॉलिटिक्स अगेन
The Politics Again
जौनपुर, सुलतानपुर, रायबरेली, लखनऊ, बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, फैजाबाद जनपदों से प्रसारित
वर्ष : 01 अंक :350 दैनिक हिन्दी जौनपुर, रविवार 19 दिसम्बर 2021 पृष्ठ : 04 मूल्य : 02 रूपया web: thepoliticsagain.Com Gmail: thepoliticsagainjnp@gmail.com

## शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान के लिए प्रो. मानस पांडेय को मिला सम्मान

द पॉलिटिक्स अगेन

जौनपुर, 18 दिसम्बर, शनिवार– नई दिल्ली संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्था गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति राजघाट, नई दिल्ली के तत्वावधान मे शिक्षा के क्षेत्र मे अद्भुत योगदान देने के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. मानस पाण्डेय को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया गया।यह पुरस्कार उनके अमूर्त शैक्षणिक योगदान के लिए दिया गया है। कार्यक्रम राजघाट पर ही आयोजित किया गया। यह सम्मान गां. दर्शन के निदेशक दीपंकर श्रीज्ञान के कर कमलो द्वारा भेंट किया गया।सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. पाण्डेय ने अपने संबोधन मे कहा समाज पर शिक्षा का प्रभाव पड़ता है जहां शिक्षा होती है। यह समाज शिक्षित तथा सभ्यता की ओर अग्रसर होता है। यह सृजन करता है शिक्षा के अभाव मे व्यक्ति अपने शक्तियो का दुरुपयोग करता है, जिससे समाज का अहित होता है। समाज शिक्षा को प्रभावित करता है तो दूसरी ओर यह बात सत्य है कि, शिक्षा समाज के स्वरूप को निश्चित करती है , और उसकी सांस्कृतिक , धार्मिक , राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। शिक्षा मानव समाज की आधारशिला है । यह समाज का निर्माण करती है , उसमे परिवर्तन करती है , और उसका विकास करती है।



## शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान के लिए प्रो. मानस को सम्मान

सम्मान

- शिक्षा से समाज सभ्यता की ओर अग्रसर होता है: प्रो. मानस पांडेय

भारत एकता टाइम्स/जौनपुर

नई दिल्ली संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्था गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति राजघाट, नई दिल्ली के तत्वावधान में शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान देने के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. मानस पाण्डेय को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया गया। यह पुरस्कार उनके अमूर्त शैक्षणिक योगदान के लिए दिया गया है। कार्यक्रम राजघाट पर ही आयोजित किया गया। यह सम्मान गांधी दर्शन के निदेशक दीपांकर श्रीज्ञान के कर कमलों द्वारा भेंट किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा

समाज पर शिक्षा का प्रभाव पड़ता है जहां शिक्षा होती है। यह समाज शिक्षित तथा सभ्यता की ओर अग्रसर होता है। यह सृजन करता है शिक्षा के अभाव में व्यक्ति अपने शक्तियों का दुरुपयोग करता है, जिससे समाज का अहित होता है। समाज शिक्षा को प्रभावित करता है तो



दूसरी ओर यह बात सत्य है कि, शिक्षा समाज के स्वरूप को निश्चित करती है , और उसकी सांस्कृतिक , धार्मिक , राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। शिक्षा मानव समाज की आधारशिला है। यह समाज का निर्माण करती है , उसमें परिवर्तन करती है , और उसका विकास करती है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान के लिए प्रोफ़ेसर मानस पांडेय सम्मानित

### शिक्षा से समाज सभ्यता की ओर अग्रसर होता है: प्रो.मानस पांडेय

दैनिक मान्यवर

जौनपुर। नई दिल्ली संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्था गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति राजघाट, नई दिल्ली के तत्वावधान में शिक्षा के क्षेत्र में अद्भुत योगदान देने के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. मानस पाण्डेय को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया गया। यह पुरस्कार उनके अमूर्त शैक्षणिक योगदान के लिए दिया गया है।

कार्यक्रम राजघाट पर ही आयोजित किया गया। यह सम्मान गांधी दर्शन के निदेशक दीपांकर श्रीज्ञान के कर कमलों द्वारा भेंट किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा समाज पर शिक्षा का प्रभाव पड़ता है जहां शिक्षा होती है। यह समाज शिक्षित तथा सभ्यता की ओर अग्रसर होता है। यह सृजन करता है शिक्षा के अभाव में व्यक्ति अपने शक्तियों का दुरुपयोग करता है, जिससे समाज का अहित होता है। समाज शिक्षा को प्रभावित करता है तो दूसरी ओर यह बात सत्य है कि, शिक्षा समाज के स्वरूप को निश्चित करती है, और उसकी सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। शिक्षा मानव समाज की आधारशिला है। यह समाज का निर्माण करती है, उसमें



परिवर्तन करती है, और उसका विकास करती है।

# Dr. Manoj Mishra, Distinguished Achievement Award-2021

आज

जौनपुर

३

वाराणसी, १५ मार्च, २०२१

## धनबादमें पीयूके दो शिक्षकोंको मिला अवार्ड

### डॉ. आलोक सिंह को लाइफ टाइम और डॉ. मनोज मिश्र को प्रतिष्ठित उपलब्धि अवार्ड





जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टीडीपीजी कॉलेज के पादप प्रजनन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह एवं विश्वविद्यालय परिसर के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र को धनबाद झारखंड में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिष्ठित उपलब्धि अवार्ड दिया गया है। संबोधि रिट्रीट धनबाद, झारखंड में कृषकों की आय दुगुनी करने के संबंध में 13-14 मार्च को आयोजित हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस में डॉ. आलोक कुमार सिंह को कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड तथा डॉ. मनोज मिश्र को विज्ञान एवं कृषि संचार में उत्कृष्ट योगदान लिए प्रतिष्ठित उपलब्धि पुरस्कार दिया गया है। ग्रीन एग्री प्रोफेशनल सोसाइटी धनबाद द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए शिक्षाविद् एवं वैज्ञानिकों ने कृषि विकास और किसानों की आय बढ़ाने के संबंध में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया है। पुरस्कार की घोषणा के समय भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के प्रमुख डॉ. रमन पिल्लई मुथुरमन, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के कुलसचिव डॉ. मिनहाज हक, संगोष्ठी के मुख्य संयोजक चावल अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ब्रजेंद्र परमार सहित देश के 24 राज्यों के 150 कृषि वैज्ञानिक, प्रतिभागी एवं विशिष्ट शिक्षाविद सभागार में मौजूद रहे। इस संगोष्ठी में 350 कृषि वैज्ञानिक भी ऑनलाइन उपस्थित रहे। कोविड के चलते विश्विद्यालय के दोनों शिक्षक धनबाद के राष्ट्रीय संगोष्ठी में नहीं जा पाए थे। संगोष्ठी के आयोजकों द्वारा शीघ्र ही इन शिक्षकों तक सम्मान पत्र प्रेषित किया जाएगा।

# Felicitation of Library Staff

## Dr. Bidyut Mal

## All india excellence in academic library award

## 29-10-2021

जौनपुर 14

# डॉ विद्युत मल को अखिल भारतीय एक्सीलेंस इन एकेडमिक लाइब्रेरी अवॉर्ड



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में कार्यरत डॉ विद्युत कुमार मल को प्रतिष्ठित अखिल भारतीय एक्सीलेंस इन एकेडमिक लाइब्रेरी अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें नई दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्था सेंट्रल गवर्नमेंट लाइब्रेरी एसोसिएशन एवं निम्बस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अधिवेशन में घोषित किया गया। यह अवार्ड की घोषणा नेशनल लाइब्रेरियन दिवस पर की गई।

संस्थान ने यह प्रशस्ति पत्र विश्वविद्यालय को भेजकर खुशी जाहिर की है एवं यह प्रशस्ति पत्र उन्हें विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के हाथों प्रदान किया गया। डॉ. मल को लाइब्रेरी और लाइब्रेरी साइंस में उनके शोध पत्रों एवं उत्कृष्ट योगदान के आधार पर दिया गया। वर्ष 2019 में भी डॉ मल को विश्वविद्यालय की ओर से बेस्ट एम्प्लॉई अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर डॉ मल को विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक जिनमें प्रमुख रूप से प्रो. अविनाश पाथर्डीकर संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन, प्रो. मानस पांडेय, मानद पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ अमित वत्स समेत कई शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

संक्षेप

आज जौनपुर ३

वाराणसी, ३० अक्तूबर, २०२१

# एक नज़र इधर भी

## डा. विद्युत लाइब्रेरी अवॉर्डसे सम्मानित

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में कार्यरत डा. विद्युत कुमार मल को प्रतिष्ठित अखिल भारतीय एक्सीलेंस इन एकेडमिक लाइब्रेरी अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें नई दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्था सेंट्रल गवर्नमेंट लाइब्रेरी एसोसिएशन एवं निम्बस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित



अधिवेशन में घोषित किया गया। यह अवार्ड की घोषणा नेशनल लाइब्रेरियन दिवस पर की गई। संस्थान ने यह प्रशस्ति पत्र विश्वविद्यालय को भेजकर खुशी जाहिर की है एवं यह प्रशस्ति पत्र उन्हें विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के हाथों प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है डा. मल को लाइब्रेरी और लाइब्रेरी साइंस में उनके शोध पत्रों एवं उत्कृष्ट योगदान के आधार पर दिया गया। वर्ष 2019 में भी डा. मल को विश्वविद्यालय की ओर से बेस्ट एम्प्लॉई अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर डा. मल को विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक जिनमें प्रमुख रूप से प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, संकायाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन, प्रो. मानस पांडेय, मानद पुस्तकालयाध्यक्ष, डा. आशुतोष सिंह, डा. अमित वत्स समेत कई शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# Shivam Dubey (M. Sc. Biotechnology)
# Poster Presentation 3rd Prize

भारत व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**तेजस टूडे**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

डिजिटल खबर एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करे 8081732332 9918557796

तेजस टूडे डाट काम की नई पेशकश

वर्ष 12, अंक 290, सोमवार, 11 अक्टूबर, 2021



## अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बायोटेक विभाग का छात्र पुरस्कृत

तेजस टूडे ब्यूरो

सिद्दीकपुर, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के एमएससी अंतिम वर्ष के छात्र शिवम तिवारी व विभाग के शिक्षक डा. प्रदीप कुमार व प्रो. वंदना राय के शोध पत्र को बरेली के इन्वेर्टिस विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 8वें इंटरनेशनल कान्फ्रेंस ऑन मेंटल हैल्थ एण्ड ससटेनेबल डेवलपमेंट इन साइन्स एंड टेक्नालजी में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। शिवम तिवारी ने प्रो. वंदना राय व डा. प्रदीप कुमार के निर्देशन में हृकोविड-19ह्व वैकसीन्स इन इंडिया पत्र पर कार्य किया। इस सफलता का श्रेय दोनों शिक्षकों व छात्र ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य को दिया जिनके द्वारा शोध करने के लिए लगातार प्रोत्साहन मिलता रहता है। शिवम के साथ दोनों शिक्षको के निर्देशन में शुभम सिंह, नीरज जायसवाल, व अभिषेक कन्नौजिया ने भी संगोष्ठी में अपने पत्र प्रस्तुत किये। विभाग के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों ने बधाई दिया।




**न्यूज डायरी**

## संगोष्ठी में पूविवि के छात्र शिवम पुरस्कृत

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के एमएससी अंतिम वर्ष के छात्र शिवम तिवारी को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पुरस्कृत किया गया है। यह सम्मान बरेली के इन्वेर्टिस विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में शनिवार को मिला। शिवम तिवारी ने प्रो. वंदना राय व डॉ. प्रदीप कुमार के निर्देशन में 'कोविड-19' वैक्सीन्स इन इंडिया शोध पत्र पर कार्य किया। शिवम इस सफलता का श्रेय दोनों शिक्षकों व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य को दिए हैं। संवाद

INVERTIS UNIVERSITY BAREILLY

**GenoPro-2021**

*8th International Conference on "Medical Health and Sustainable Development in Science and Technology"*

*October 8 & 9, 2021 (Friday & Saturday)*

Department of Biotechnology, Invertis University in association with IAAM, Sweden

**Certificate**

*POSTER PRESENTATION THIRD PRIZE*

Presented to

Shivam Tiwari

For the paper entitled

COVID-19 Vaccines in India

in 8th International Conference on "Medical Health and Sustainable Development in Science and Technology" dated October 8 & 9, 2021.

Prof. Y.D.S Arya, Vice Chancellor

Dr. Manali Singh, Convener

Phone:0581-260442, 443 Telefax:0581-2460454 E-mail: genomics@invertis.org

Url: https://www.invertisuniversity.ac.in/Connect/SeminarDetails/-genopro-2021-8th-international-conference-invertis-university

www.invertisuniversity.ac.in

# **Felicitation of Students**
## For providing free coaching to students

**26- 04-2022**



Akash Vaibhav, Amarjit Kumar Dhivar, Vipin Kumar, Ayush Yadav, Nadeem Ahmed, Ramanand Dubey, Avinash Srivastava, Akshay Kumar Mishra, Ravi Vishwakarma, Adarsh Yadav, Vikas Kumar, Akash Rajbhar, Vikas Chaurasia, Abhishek Tiwari, Afzal Ali, Sandeep Yadav.

https://vbspurvanchaluniversity.blogspot.com/2022/04/blog-post_26.html